तापमान
अधिकतम 34.9 डिग्री
न्यूनतम 15.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025

12 पंप हाउस को हॉटलाइन से जोड़ने की दी मंजूरी



12 सुबह उठकर शांति-प्रेम के साथ जलाएं शुक्रिया का दीया



## खबर संक्षेप

### ट्रैक पार करते समय ट्रेन की टक्कर से एक घायल

**पानीपत।** बाबरपुर व कोहंड रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में बलराम निवासी हमीरपुर, उत्तर प्रदेश गंभीर रूप से घायल हो गया। बलराम के पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बलराम को पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया।

### टेलर की दुकान से चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने देवी मूर्ति कॉलोनी में टेलर की दुकान के ताले तोड़कर बेटरी व सूट चोरी करने वाले आरोपी वीरभान पुत्र ओमप्रकाश निवासी राज नगर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर में किला निवासी महेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है। आरोपी ने दुकान से लेडिज 12 सूट, 4 लहंगे व सिले हुए 18 सूट चोरी किए थे। वहीं वीरभान पर चोरी के छह केस पहले भी दर्ज है।

### कंबाइन की चपेट में आने से दो भाई घायल

**कैथल।** गांव सिरसल में कंबाइन की चपेट में आने से दो भाई घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सांच के शमशेर सिंह ने बताया कि 12 को जब शाम के करीब 7:00 बजे उसका बेटा और भतीजा सिरसल से जा रहे थे तो अज्ञात कंबाइन चालक ने कंबाइन को चलते उसके बेटे हुए भतीजे को अपनी चपेट में लेकर घायल कर दिया।

## शाहबाद के अरुप नगर में भ्रूण लिंग जांच मामले का हुआ भंडाफोड़

# दो महिलाओं सहित चार काबू अल्ट्रासाउंड मशीन बरामद की

*जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डिकोय का इशारा मिलते ही छापेमारी की और मौके से चार मोबाइल व एक बाइक को भी बरामद करकर लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शाहबाद के गांव अरुप नगर से गर्भ में भ्रूण लिंग जांच के मामले में एक घर से 2 महिलाओं सहित चार लोगों को पकड़ा है। मौके से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, चार मोबाइल व एक बाइक को बरामद किया है।

- डिकोय महिला ने 40 हजार रुपये में गर्भ में भ्रूण लिंग जांच करवाने का सौदा तय किया

शाहबाद पुलिस ने भ्रूण लिंग जांच मामले में कृष्ण गोपाल निवासी छोटा बाजार अंबाला, संदीप निवासी मद्दीपुर कुरुक्षेत्र, अमरजीत सिंह निवासी अरुप नगर शाहबाद व रेखा रानी निवासी अरुप नगर शाहबाद के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रमेश सभ्रवाल ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि एक महिला बाहर से बुलाकर गर्भ में भ्रूण लिंग जांच करवाने का काम कर रही है। सूचना पर टीम ने डिकोय को शाहाबाद के अरूप नगर के अमरजीत कौर के संपर्क में भेजा था। डिकोय महिला ने 40 हजार रुपए में गर्भ में भ्रूण लिंग जांच करवाने का सौदा तय किया। इसमें 20 हजार रुपये 8 अक्टूबर को अमरजीत कौर के खाते में ट्रांसफर की गई। रकम मिलने के बाद अमरजीत कौर ने डिकोये को जांच के लिए 14 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे शाहाबाद बस अड्डा पर बुलाया था। इस पर डिकोय 20 हजार रुपए नकद लेकर बताई जगह पर पहुंची, मगर कुछ देर इंतजार करने के बाद आरोपी ने अल्ट्रासाउंड के लिए अगले दिन का टाइम दे दिया।



कुरुक्षेत्र। टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### डिकोय की मदद से पकड़े

आरोपी महिला अमरजीत कौर ने दूसरे दिन 15 अक्टूबर को डिकोय को दोपहर 3 बजे दोबारा अरुप नगर शाहाबाद बुलाया। टीम भी डिकोय के पीछे चल रही थी। कुछ देर आरोपी अमरजीत कौर डिकोय को अपने साथ घर में ले गई।

करीब एक घंटा इंतजार करने के बाद 2 लोग घर में दाखिल हुए और उसके आधे घंटे बाद डिकोय घर से बाहर आ गई। बाहर आते ही डिकोय ने टीम को इशारा कर दिया और टीम ने घर के अंदर रेड कर दी। टीम ने यहां से अमरजीत कौर, कृष्ण गोपाल उर्फ सोनू बजाज, मद्दीपुर निवासी संदीप और अरूपनगर निवासी रेखा रानी को काबू कर लिया।

### मामले की जांच

डिकोय ने टीम को बताया कि जिसके पास भूरे रंग का बैग था, जिसमें अल्ट्रासाउंड करने वाली मशीन (टैब) थी। उस व्यक्ति ने कमरे में लेटाकर उसके पेट पर सरसों का तेल लगाकर गर्भ में भ्रूण लिंग जांच की और कहा रिपोर्ट ठीक है यानी इशारे में लड़का होना बताया। जांच के बाद महिला अमरजीत ने डिकोय से बकाया 20 हजार रुपए ले लिए। टीम ने चारों आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कार ने एक्टिवा चालक को मारी टक्कर, मौत

- पंचकूला कलानौर नेशनल हाइवे पर गांव तिगरी मोड़ के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पंचकूला कलानौर नेशनल हाईवे पर कार ने एक्टिवा सवार को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के गांव जमालपुर डिकरी निवासी 35 वर्षीय ललित उर्फ नीटू के रूप में हुई है। सदर यमुनानगर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार गांव दुसानी निवासी कर्मचंद ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंगलवार की शाम को बाइक पर कलानौर से अपने गांव दुसानी जा रहा था। आगे एक्टिवा पर एक युवक जा रहा था। जब नेशनल हाईवे पर गांव तिगरी के मोड पर पहुंचे तभी कलानौर की ओर से एक चालक कार लेकर लापरवाही से चलाते हुए आया। उसने एक्टिवा को टक्कर मार दी।

### कार चालक फरार

टक्कर लगते ही एक्टिवा सवार सड़क पर जा गिरा। उसका सिर डिवाइडर में लगा। चालक ने कार नहीं रोकी और उसे कुचलते हुए फरार हो गया। उसने राहगीरों की मदद से घायल एक्टिवा सवार को अस्पताल में भिजवाया। जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में उसकी पहचान त्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के गांव जमालपुर डिकरी निवासी ललित उर्फ नीटू के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा उन्हें सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

*अंबाला। नगरपालिका कर्मचारी संघ नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर किया गया। प्रधान शंकर पांमा ने बताया कि सरकार की ओर से कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को सुरक्षा व सहायता प्रदान की जाए। इस अवसर पर उप प्रधान ललित टांक, सचिव प्रवीन, सन्नी, विजय कुमार, विशाल कंडारा, शैंकी टांक, रवि बिडलान, रणजीत सिंह, शेखर कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।*

### रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी सांग की दिखेगी झलक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा की गौरवशाली संस्कृति, विरासत का प्रतीक चार दिवसीय रत्नावली राज्य स्तरीय महोत्सव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परिसर में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में एक भव्य और ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय रत्नावली राज्य स्तरीय महोत्सव 28 से 31 अक्टूबर, 2025 तक चलेगा, जिसमें राज्य के कोने-कोने से आने वाले प्रतिभाशाली युवाओं का जौहर देखने को मिलेगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि आज के युवा हिप-हॉप व अन्य श्रेणी के संगीतों मे इतने घुल मिल गए हैं कि रागनियों व सांग की पहचान कम हो रही है लेकिन केयू द्वारा आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह न केवल सांग एवं रागनियों के लिए संजीवनी का काम कर रहा है बल्कि युवाओं को हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, लोक कला एवं विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस बार रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी सांग की झलक देखने को मिलेगी। दर्शकों को हरियाणवी में रत्नावली किस्सा सुनकर रत्नावली के माध्यम से सांग को समझने का मौका मिला। आज के इन आधुनिक गानों में हरियाणवी सांग व रागनियों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने लगे हैं, जो कि हरियाणवी सांग का दम घोट रहे हैं। कुवि हरियाणवी सांग को बचाने का प्रयास कर रही हैं जो रत्नावली जैसे महाकुंभ में रत्नावली जैसा किस्सा गाने का मौका देकर संस्कृति बचाने का अथक प्रयास कर रही है। नैक द्वारा मान्यता प्राप्त ए-प्लस-प्लस ग्रेड कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव के आयोजन की मेजबानी करना न केवल विश्वविद्यालय प्रशासन के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। रत्नावली महोत्सव निश्चित रूप से हरियाणा की युवा शक्ति और सांस्कृतिक विविधता को एक नई पहचान देगा।

### इंस्टा पर महिला के बारे में अभद्र टिप्पणी, केस

**जींद।** इंस्टाग्राम पर अभद्र फोटो अपलोड कर अभद्र टिप्पणी करने पर पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक दंपत्ति के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना सफीदों इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दस अक्टूबर को गांव के विक्रम तथा उसकी पत्नी चांदनी ने अपने इंस्टा अकाउंट पर उसकी फोटो अपलोड कर दी।

# बाइक चोरी का आरोपी काबू, सात वाहन जब्त

- जंडली के अमरीश कुमार ने करवाई थी शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने चोरी के आरोप में एक आरोपी को काबू कर उससे सात चोरी के वाहन जब्त किए हैं। एवीटी सैल के इंचार्ज ऋषि पाल ने बताया कि थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी सूरज को गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान उसके कब्जे से 1 एक्टिवा व 6 मोटरसाईकिल सहित कुल 7 दो पहिया वाहन बरामद किए हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि जंडली के लक्ष्मीनगर के रहने वाले अमरीश कुमार ने 31 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 अगस्त 2025 को आरोपी ने राजीव गांधी स्टेडियम सेक्टर-10 से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।



अंबाला। वाहन चोरी के आरोप में पकड़ा युवक।

# जिम में दो युवकों में हुई मारपीट, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट में जिम में मारपीट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक कुर्सी पर बैठा व्यक्ति किसी बात को लेकर सामने खड़े युवक से बहस करता है।

मामला इतना बढ़ जाता है कि कुर्सी पर बैठे युवक ने खड़े युवक को पीट दिया। यह घटना जिम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सोशल मीडिया पर वीडियो के साथ दावा किया जा रहा है कि घटना महेश नगर थाना एरिया की है। वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वायरल क्लिप में दोनों व्यक्तियों के बीच किसी विवाद को लेकर कहासुनी होती दिख रही है। कुछ लोग इसे जिम में गुंडागर्दी का मामला बता रहे हैं तो कुछ लोग इसे आपसी विवाद कहकर देख रहे हैं। इस संबंध में महेश नगर थाना प्रभारी जतिंद्र से बताया कि यह वीडियो उनके संज्ञान में नहीं है। अभी तक इस मामले में किसी भी युवक की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली।

### शराब ठेका लूटने के तीनों आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** गांव बेलरखां में गत 14 अक्टूबर को शराब ठेका लूटने के तीन आरोपितों को सीआईए स्टाफ टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान बेलरखां निवासी बलिंद्र उर्फ बिंद्र, अमित और रवि के तौर पर हुई है। गांव डाहोला निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह बेलरखां में शराब ठेके पर सेल्समैन के तौर पर कार्यरत है। 14 अक्टूबर शाम को जब वह ठेके पर बैठा था, तभी तीन युवक आए। उनमें से बेलरखां निवासी बलिंद्र भी था। जिसको वह जानता है। उन्होंने उससे पानी मांगा।

## रुपये वापस मांगने पर आत्महत्या की धमकी

# सब्सिडी लोन दिलवाने के एवज में 1.80 लाख रुपये की ठगी

- मंडौर गांव के तरुण चहार की शिकायत पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जालसाजी तथा धोखाधडी करके 1.80 लाख रुपये वापस देने के मामले में पुलिस ने मंडौर गांव के तरुण चहार की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। इसमें तरुण कुमार, उसकी पत्नी रिम्मी कुमारी, मुकेश शांडिल्य को आरोपी बनाया गया है। तरुण चाहर ने बताया कि वो पूर्ण रूप से दिव्यांग हैं। वर्ष 2013 में वह बिजली विभाग में ट्रांसफर होकर आया था।

उस समय वर्ष 2013 में उसके कुछ मित्र बने थे। इनमें आनंद पंवार ने उन्हें एक व्यक्ति से मिलवाया था। उसका नाम तरुण कुमार था। वर्ष 2015 में हुई दुर्घटना के बाद उसकी तरुण कुमार के साथ बोल-चाल बंद हो गई थी। कुछ समय पहले उसके मित्र करन गुलाटी के पिता का देहांत हो गया था, तब उन्हें तरुण कुमार दोबारा मिला और फिर बोलचाल शुरू हुई। तरुण कुमार ने 17 जुलाई को फोन किया और मिलने को कहा। 22 जुलाई को ये व्यक्ति उनके घर पर मिलने आया और उसने बताया कि उनके बॉस बैंक मैनेजर मुकेश शांडिल्य सब्सिडी वाला लोन कराने की क्षमता रखते हैं। इसमें जरनल को 25 प्रतिशत, ओबीसी को 30 और एससी को 35 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलेगी। इसमें उक्त लोन 10 लाख तक का खादी उद्योग या लघु उद्योग के लिए मिल जाएगा। इसमें 4/5 प्रतिशत ब्याज साल का होगा। लोन 7 साल के लिए होगा। उक्त लोन के एवज में तरुण कुमार ने बताया कि एक लोन पास करवाने में लगभग 50 हजार रुपये लगेंगे। इसमें उन्हें 40 हजार रुपये पहले देने होंगे। तरुण कुमार ने उन्हें पूर्ण रूप से झांसे में ले लिया। कहा कि इस काम में उसकी गारंटी रहेगी। वह एक माह में लोन करवा देगा तो उन्होंने विश्वास करके तरुण कुमार को 6 लोन करवाने के लिए 1.80 लाख रुपये तरुण कुमार को दे दिए। एक महीना बीतने के बाद भी कोई लोन नहीं मिला। जब उससे रुपये वापस मांगे तो वह आत्महत्या करने की धमकी देने लगा।



## खबर संक्षेप

### युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म का किया प्रयास

**यमुनानगर।** जगाधरी के सेक्टर-17 में एक युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानाकरी के अनुसार सेक्टर-17 निवासी 50 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक दिन वह घर पर अकेली थी। तभी अनुज नाम का युवक उनके घर पर आ गया। आरोपी उसे घर पर अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसके साथ दुष्कर्म करने का भी प्रयास किया।

### पड़ोसियों ने मां-बेटी के साथ की मारपीट

**यमुनानगर।** फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में कहासुनी होने पर पड़ोसियों ने मां-बेटी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उनके कपड़े भी फाड़ दिए और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी दंपत्ती समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। महिला ने कहा कि आरोपी अनिल कुमार व उसकी पत्नी मनजीत सिंह उनके पड़ोसी हैं। आरोपी अकसर उनके साथ झगड़ा करते रहते हैं। 14 अक्टूबर को उसने बाजार में जाने के लिए ई रिक्शा को रोका। उस ई रिक्शा में पहले से ही आरोपी अनिल कुमार की मां बैठी हुई थी। वहां विवाद होने पर उन्होंने मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए।

### जिला सचिवालय में लगा समस्या समाधान शिविर

# पार्कों में घटिया मैटीरियल लगाने का मुद्दा समाधान शिविर में गूंजा



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते सीटीएम पीयूष गुप्ता व अन्य अधिकारी।

***सीटीएम पीयूष गुप्ता ने जिलास्तरीय समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए तत्काल समाधान के निर्देश***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनीं। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्कों में घटिया सामग्री लगाने का मामला भी सामने आया, जिस पर जांच के निर्देश दिए गए।

#### नौ शिकायतें आईं

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर में 9 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिसमें यमुनानगर निवासी सुषमा ने मकान की मरम्मत बारे, कृष्णा कॉलोनी निवासी सुशील ओबरॉय ने पार्कों में टेंडर नियम के खिलाफ जाकर घटिया मैटीरियल लगाने बारे, कैम्प निवासी बहादुर मल गांधी ने रास्ता बनवाने बारे, अकालगढ़ निवासी मोहम्मद हारुन ने प्लाट की रजिस्ट्री करवाने बारे, विजय नगर कॉलोनी निवासी मुरसलीन ने बीपीएल कार्ड बनवाने बारे व इंदिरा गार्डन निवासी सतीश शर्मा ने पड़ोस की दीवार से पानी आने बारे समस्या रखी। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं का निवारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंपकर जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए।

#### समाधान शिविर में किया गया बदलाव

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिलास्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी से शिविर गुड गवर्नेंस का उदाहरण बनकर उभरे हैं।



यमुनानगर। गुरुकुल खरकाली में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए बच्चे।

# गुरुकुल खरकाली में बच्चों ने दी ऑपरेशन सिंदूर की शानदार प्रस्तुति

- धूमधाम और उल्लास से आयोजित किया गुरुकुल खरकाली में वार्षिक समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

गुरुकुल खरकाली में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा शुगर फेड के चेयरमैन चौधरी धर्मबीर सिंह डागर ने भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि में आयकर विभाग के सहायक आयुक्त बलविंदर कालिया, जेएमआईटी निदेशक डॉ. एसके गर्ग, लाडवा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगदीश चंद व इंटेलेक्चुअल सेल हरियाणा के कोआर्डिनेटर डॉ. ऋषिपाल मौजूद रहे।

गुरुकुल के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गान से किया गया। इसके बाद गुरुकुल के विद्यार्थियों ने मलखंब की शानदार प्रस्तुति देकर सभी को दांतों तले अंगुलियां दबाने के लिए मजबूर कर दिया। वहीं, बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर नाट्य मंचन कर लोगों को भावुक कर दिया। मुख्यातिथि डागर ने कहा कि गुरुकुल में बच्चों को अपनी प्राचीन संस्कृति व संस्कारों के साथ शिक्षा दिया जाना सराहनीय कार्य है। आधुनिक युग में युवा वर्ग संस्कारों से दूर होता जा रहा है। ऐसे में गुरुकुल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों से भी जोड़ा जाता है। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा, निदेशक डॉ. रणधीर सिंह पंजेटा व अन्य स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि चौधरी धर्मबीर सिंह डागर को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।



यमुनानगर। वार्षिक समारोह में मलखंब करते हुए बच्चे।

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रिंसिपल आशा चौधरी, यतेंद्र वर्मा, हरजीत सैनी प्रधान रोटरी क्लब रादौर, भारत माटिया सचिव, देवीदयाल अरोड़ा, मलखान सिंह सढ़ुरा, अमित पंजेटा सचिव, सतबीर लालर वाइस प्रिंसिपल, सचिन आर्य, अनुज मान, रोहित, डॉ. मोनिका, विनोद शास्त्री, संजय कुमार, आचार्य धर्मपाल आर्य आदि मौजूद रहे।

# बाजारों में सादी वर्दी में पुलिस तैनात, कैमरों से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

त्योहारों को लेकर जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने एडवाइजरी जारी कर शहर में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी है। इस दौरान धार्मिक स्थलों, मेलों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में सादी वर्दी में पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि दीपावली से भैया दूज तक का समय सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील होता है। इस दौरान बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ती है और धार्मिक स्थलों पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। खासकर महिलाएं और बुजुर्ग आभूषण व घरेलू सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों का रुख करते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा के लिए जिले भर में सख्त पुलिस व्यवस्था लागू की गई है। जिले के मुख्य कस्बों व प्रवेश मार्गों पर चिह्नित नाके, चेकिंग पॉइंट्स, अंतर्राज्यीय नाके तथा अंतर जिला नाके स्थापित किए गए हैं।



पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

# भाजपा ने स्वदेशी अपनाने को प्रेरित किया

- भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जगाधरी में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जगाधरी के अग्रसेन कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के प्रति कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान के कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सहसंयोजक प्रीति जौहर मौजूद रहीं। मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि आज हमें भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाना है। यदि हम अपनी स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे तो इससे हमारे देश का रुपया भारत में ही रहेगा। इसी सोच के तहत हमें हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी अभियान को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वोकल फार लोकल का अर्थ है कि हमें स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों और सेवाओं का उपयोग करना चाहिए। जिससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिले और देश आत्मनिर्भर बने।

#### दीपावली पर्व पर लोकल खरीदारी करके स्वदेशी को बढ़ाएं

आत्मनिर्भर अभियान की प्रदेश सहसंयोजक प्रीति जौहर ने कहा कि दीपावली पर्व पर हम सभी को लोकल खरीददारी करके स्वदेशी को बढ़ाए एवं इस अभियान को जन जन का अभियान बनाएं। मौके पर जिला महामंत्री प्रवीण खदरी,विधानसभा संयोजक विपुल गर्ग,जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, जिला संयोजिका दीक्षा बराड,मंडल अध्यक्ष छछरौली गौरव गोयल,मंडल अध्यक्ष जगाधरी शहर प्रियंक शर्मा,मंडल अध्यक्ष जगाधरी ग्रामीण कृष्ण खदरी व मंडल अध्यक्ष देवधर अमित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# अंश ने शतरंज प्रतियोगिता में जीता प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर में वीरवार को अंतर सदन (इंटर हाउस) शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक आरएस पुंडीर, निर्मला पुंडीर व प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने बताया कि तीसरी कक्षा के लड़कों के वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में अंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, रोनक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी से ध्रुव ने प्रथम व अंश ने द्वितीय तथा कक्षा पांचवीं से फरहान ने प्रथम व अर्नव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, लड़की वर्ग में कक्षा चौथी से जीविता पांचाल ने प्रथम व वेदिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुंडीर ने सभी को बधाई दी।



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# स्वस्थ रहने के लिए सही खानपान का रखें ध्यान : डॉ. परमार

- मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



यमुनानगर। मुकंदलाल स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को ओरल हेल्थ को लेकर जागरूक किया गया। मुख्यातिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं एसएमओ डॉ. विजय परमार ने बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के लिए आह्वान किया। मौके पर डॉक्टर पल्लवी ने बच्चों को ओरल हेल्थ के बारे में बताते हुए दांतों की देखभाल के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में भी अवगत करवाया गया। मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल प्रमोद ग्रोवर ने मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों और चिकित्सकों का स्वागत किया। जबकि डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि सही खानपान व अच्छा स्वास्थ्य ही हमारे उज्ज्वल भविष्य की नींव है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ज्ञान प्रकाश शर्मा, प्रमोद बंसल, अध्यापिका डोली, मोना, काशीता व आरती आदि मौजूद रहे।



ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विचार रखते हुए मुख्यातिथि।

### पर्यावरण संरक्षण करना बेहद जरूरी : आर्य

**रादौर।** ज्योतिबाफुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में वीरवार को पांच परिवर्तन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में इलाके के वरिष्ठ समाजसेवी मान सिंह आर्य ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी मान सिंह आर्य ने कहा कि वर्तमान समय बहुत ही विचलित करने वाला है। मगर हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना है। हमें पर्यावरण संरक्षण करना बेहद जरुरी है। वहीं, कुटुंब प्रबोधन का हमें सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। तभी हमारे परिवार और हमारे समाज का विकास हो सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को पांच परिवर्तनों का ज्ञान देना जरुरी रहा। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण समेत समाज विकास के लिए कार्य करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को पांच परिवर्तन के लिए मुख्यातिथि द्वारा कहे गए विचारों को आत्मसात करना होगा। तभी हमारा जीवन और समाज के प्रति हमारा कर्तव्य पूर्ण होगा।

# वैदिक यज्ञ संसार का श्रेष्ठ कर्म : शर्मा

- डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में वैदिक यज्ञ का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में वीरवार को भारतीय संस्कृति की आत्मशुद्धि, समाज शुद्धि व राष्ट्र शुद्धि अभियान के तहत वैदिक संस्कार पुण्यमास के पावन अवसर पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए यज्ञ में आहुति डालकर विश्व कल्याण की मंगल कामना की। विद्यालय के प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि वैदिक यज्ञ में विद्यार्थियों ने जहां आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए मंगल कामना की। वहीं, उन्होंने भजनों के माध्यम से महापुरुषों की गाथा का गुणगान किया। प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दीपावली के वैज्ञानिक महत्व को बताया गया। उन्होंने बताया कि आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के द्वारा विद्यार्थियों में संस्कार, सेवा, स्वाध्याय व समर्पण भावना को प्रेरित करने के लिए वैदिक संस्कार पुण्यमास की जानकारी दी गई। प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने कहा कि यज्ञ इस संसार का सबसे श्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होता है। वहीं, आत्मशुद्धि भी होती है। इसलिए हमें प्रण करना चाहिए कि हम ऋषियों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए यज्ञ को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।




यमुनानगर। डीएवी स्कूल रादौर में आयोजित वैदिक हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

# अनाज मंडियों में खरीदी 4.54 लाख मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिले की सभी 13 अनाज मंडियों में धान की खरीद सुचारू रूप से की जा रही है। अभी तक जिला की 13 अनाज मंडियों में कुल 4 लाख 54 हजार 226 मीट्रिक टन ग्रेड ए धान खरीदी जा चुकी है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के हितों को देखते हुए ग्रेड-ए धान का मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल व कॉमन ग्रेड धान का मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर 2025 तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में अब तक कुल 4 लाख 54 हजार 226 मीट्रिक टन ग्रेड ए धान की आवक हो चुकी है।



उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की मंडियों में खरीदी गई कुल धान में से अब तक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 10 हजार 464 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 61 हजार 384 मीट्रिक टन व हरियाणा भण्डारण निगम द्वारा 82 हजार 378 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।

### जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में व्याख्यान

# एआई से वर्षा की सटीक भविष्यवाणी संभव

**मुख्य वक्ता के रूप में विषय विशेषज्ञ डॉ. अजय कृष्ण प्रभाकर ने लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जेएमआईईटीआई कॉलेज रादौर में वीरवार को सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से रेनफाल मॉडलिंग यूजिंग सॉफ्ट कंप्यूटिंग विषय पर व्याख्यान आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विषय विशेषज्ञ डॉ. अजय कृष्ण प्रभाकर ने भाग लिया। डॉ. अजय कृष्ण प्रभाकर ने मशीन लर्निंग तकनीक के माध्यम से डिस्चार्ज प्रिडिक्शन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से भारत जैसे विकासशील देशों में सीमित आंकड़ों की स्थिति में इसकी उपयोगिता समझाई।

डॉ. प्रभाकर ने ने कहा कि आधुनिक सॉफ्ट कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से वर्षा एवं जल संसाधन प्रबंधन की सटीक भविष्यवाणी की जा सकती है।



यमुनानगर। जेएमआईईटीआई कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

#### स्वागत किया

कार्यक्रम के अंत में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के इंचार्ज कर्ण वेधेरा ने डॉ. प्रभाकर का स्वागत किया और उनके मूल्यवान विचारों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि जेएमआईईटीआई में इस प्रकार के विशेषज्ञ व्याख्यान भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों का ज्ञान व व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके।

### संतुलित आहार और पौष्टिक भोजन का महत्व समझाया




यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में विश्व खाद्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संतुलित आहार, पौष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में बताया गया। स्कूल के बच्चों के लिए स्वस्थ टिफिन प्रदर्शनी, पोषण पर पोस्टर निर्माण आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस दौरान बच्चों ने अपने टिफिन में घर का पौष्टिक भोजन लाकर साझा किया और जंक फूड के दुष्प्रभावों पर चर्चा की। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि आज के समय में बच्चों के लिए संतुलित आहार लेना अत्यंत आवश्यक है। जंक फूड से दूर रहकर पौष्टिक भोजन अपनाना न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक विकास में भी मदद करता है। विश्व खाद्य दिवस हमें यह सिखाता है कि भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं बल्कि जीवन की ऊर्जा का आधार है।

## खबर संक्षेप



### सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और विज्ञान के प्रति लगन का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देवस्थली, अंबाला स्थित अंबाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च में आयोजित 17वें राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। स्कूल के प्राचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बताया कि इस विज्ञान मेले में हरियाणा के विभिन्न जिलों से लगभग 360 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में से सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी नवाचारपूर्ण सोच और मेहनत से सबका ध्यान आकर्षित किया और प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### दीवाली के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में आज दीवाली के अवसर पर कक्षा स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर कक्षा षष्ठम के विद्यार्थियों ने बिना आग जलाए विभिन्न प्रकार की मिठाईयां बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### आयुष विभाग ने जांचा 134 मरीजों का स्वास्थ्य

कुरुक्षेत्र। आयुष विभाग के कुरुक्षेत्र जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ मंजू शर्मा के निर्देशन में जिला न्यायालय परिसर में आयोजित मेगा लीगल शिविर में भाग लिया। इसमें चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ हड्डियों की जांच के लिए कैम्प लगाया गया और साथ ही शिविर में निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र कहा कि शिविर में 134 मरीजों की जांच की गई।

### तोरण बनाओ प्रतियोगिता में युवानी रही प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीवाली के उपलक्ष में विद्यालय में बहुत सी गतिविधियां आयोजित की गईं। सी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीप सज्जा, थाली सज्जा, तथा तोरण बनाओ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दीया सज्जा प्रतियोगिता में शिशु वर्ग में अवनी प्रथम, नक्ष एवं कियान द्वितीय तथा सर्वजीत तृतीय स्थान पर रहीं। बाल वर्ग में अंशिका प्रथम, माही द्वितीय, हेमा एवं सुनयना तृतीय स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग में स्वाति गोयल प्रथम, सरगम द्वितीय तथा अलीशा तृतीय स्थान पर रहीं। तोरण बनाओ प्रतियोगिता में युवानी प्रथम, हरनूर द्वितीय एवं स्नेहा तृतीया स्थान पर रहीं।

## गुरुकुल में वार्षिक महोत्सव, पंजाब के राज्यपाल ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

# शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का अद्भुत संगम है गुरुकुल : कटारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल में आचार्य देवव्रत ने सही मायनों में शिक्षा को संस्कार और संस्कृति से जोड़ा है जिससे यहां पर युवा निर्माण के साथ-साथ सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। उक्त शब्द गुरुकुल के वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया ने कहे। उन्होंने कहा कि मल्लखम्भ और घुड़सवारी जैसे हैरतअंगेज करतब जो गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने प्रस्तुत किये, ये हमें हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति के दर्शन कराते हैं, ये कलाएं अब दूसरे संस्थानों में नजर नहीं आती। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, डॉ. प्रशान्त नरावणे, डॉ. निशिकान्त देशपांडे, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, उप प्रधान सतपाल काम्बोज, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप सहित अनेक महानुभाव मौजूद रहे। कटारिया ने कहा कि आचार्य देवव्रत धन्यवाद के पात्र है जिनके द्वारा सिंचित गुरुकुलरूपी यह पौधा आज विशाल वटवृक्ष के रूप में देश के निर्माण में अहम भूमिका अदा कर रहा है। गुरुकुल के एनडीए, नीट, आईआईटी के उत्कृष्ट परिणामों पर राज्यपाल महोदय ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि वे राजस्थान से आते हैं और सौभाग्य से महर्षि दयानन्द सरस्वती ने अमर ग्रन्थ की रचना नवलखा महल उदयपुर में की थी। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद के मानसपुत्र स्वामी श्रद्धानन्द ने इस गुरुकुल की स्थापना की थी जो आज देश की अग्रणी शिक्षा संस्था में रूप में विख्यात है। प्राकृतिक कृषि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्रभ नरेन्द्र मोदी जी ने आचार्यश्री की प्राकृतिक कृषि मॉडल से प्रभावित होकर इसे पूरे देश में लागू किया क्योंकि आज इसकी महती आवश्यकता है।



कुरुक्षेत्र। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया को शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित करते राज्यपाल आचार्य देवव्रत।



कुरुक्षेत्र। मलखंभ करते विद्यार्थी।

### घुड़सवारी से किया मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम की शुरूआत भव्य मार्च-पास्ट से हुई, जिसके बाद गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा विभिन्न शारीरिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने घुड़सवारी, मल्लखंभ, रस्सी चढ़ाई, लाठी नृत्य (लजियम), योग और जिमनास्टिक जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक प्रस्तुति विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और गुरुकुल की श्रेष्ठ प्रशिक्षण परंपरा को दर्शाती थी। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सत्र 2024-25 की उपलब्धियों का विवरण दिया। उन्होंने गर्वपूर्वक बताया कि 54 विद्यार्थियों ने एन.डी.ए. की प्रारंभिक परीक्षा, 28 उत्तीर्ण की है। इसके अतिरिक्त अनेक विद्यार्थियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गुरुकुल का नाम रोशन किया है। योग एवं कुश्ती प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं।

### पंजाब के राज्यपाल को किया सम्मानित

*कीटनाशक और रासायनिक खादों के प्रयोग से आज हमारा खानपान दूषित हो चुका है जिससे कैंसर, हार्टअटैक जैसी गंभीर बीमारियां फैल रही है, इससे बचने का केवल एक ही उपाय है-प्राकृतिक खेती। इस अवसर पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत सहित गुरुकुल के अधिकारियां ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया को शॉल और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।*

### युवाओं को संस्कारवान बनाना लक्ष्य : देवव्रत

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पंजाब के राज्यपाल का इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को केवल अक्षरज्ञान देना नहीं अपितु नैतिक मूल्यों और वैदिक संस्कारों से पोषित करता है। युवाओं को संस्कारवान बनाना गुरुकुल का लक्ष्य है। गुरुकुलों में एक-एक ब्रह्मचारी पर अध्यापकों व संरक्षकों की पैनी नजर रहती है जिससे उनका पूरा फोकस अपने लक्ष्य की ओर रहे। उउन्होंने सभी अभिभावकों, शिक्षकों, वार्डनों और विद्यार्थियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और प्रेम, प्रकाश एवं शिक्षा के संदेश का प्रसार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पूर्व राज्यमंत्री ने 1.33 करोड़ की तीन परियोजनाओं का किया शुभारंभ



- नप थानेसर के सेक्टर-4 स्थित आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि पूर्व राज्यमंत्री ने किया संबोधित
- सीएम सैनी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र का तीन गुणा गति से करवाया जा रहा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र का तीन गुणा गति से विकास करवाया जा रहा है। कई बड़े प्रोजेक्टों पर काम चल रहा है और कई परियोजनाओं को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ विचार विमर्श चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद कुरुक्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर हैं और उन्होंने कहा भी है कि विकास कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को नगर परिषद थानेसर के सेक्टर-4 स्थित आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री ने कार्यक्रम में 1 करोड़ 22 लाख 69 हजार रुपए के तीन विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें 26 लाख की लागत से सेक्टर-4 नगर परिषद थानेसर में हाउस नंबर 2002 के सामने पार्क की मरम्मत और नवीनीकरण किया गया।

### ये निर्माण शामिल

सेक्टर-4 में ही 6.37 लाख की लागत से विस्डम वर्ल्ड स्कूल सीनियर विंग के सामने शिव मंदिर के पास पार्किंग के लिए आईपीबी का पायलिंग और लेवलिंग का कार्य किया गया। इसी तरह 90.32 लाख की लागत से सेक्टर 4-5 विभाजन रोड से हाउस नंबर 955 के पास सेक्टर 4 सामुदायिक केंद्र तक 24 मीटर चौड़ी धातु सडक का निर्माण किया जाना शामिल रहा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर के विकास कार्यों को पहले से भी ज्यादा गति के साथ करवाया जा रहा है। सरकार ने लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान करने के विशेष आदेश दिए हुए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन ने सोमवार और वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा समय-समय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं भी कुरुक्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करते हैं और इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते हैं। इन शिकायतों के आधार पर ही सरकार द्वारा आगामी नीतियों को तैयार करके समस्याओं का हल निकाला जाता है।

## दीपावली संस्कार देने का उत्सवः मिश्रा

### पर्ल मार्क होटल में आयोजित दीपावली उत्सव समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस शिकायत प्राधिकरण हरियाणा के चेयरमैन एवं हरियाणा के पूर्व डीजीपी डॉ. आरसी मिश्रा ने कहा कि आज के युग में दीपावली का महत्व केवल उत्सव तक सीमित नहीं है। यह हमें समाज को शिक्षित करने और भावी पीढ़ियों को संस्कार देने का अवसर देता है। इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि भावी पीढ़ी को अपने परंपरा और संस्कारों से अवगत करवाएं। डॉ. मिश्रा गुरुवार को प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र की ओर से रेलवे रोड पर पर्ल मार्क होटल में आयोजित दीपावली उत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस मौके पर कुरुक्षेत्र के डीसी विश्राम कुमार मीणा, एसपी नीतिश अग्रवाल और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, सीएम नायब सैनी मीडिया कोआर्डिनेटर तुषार सैनी बतौर अति विशिष्ट अतिथि रहे। वहीं मातृभूमि सेवा मिशन के संचालक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्रा, प्रमुख समाजसेवी पवन छाबड़ा और जिला कैथल के फरल गांव के होम्योपैथिक अस्पताल के संचालक डॉक्टर खुशबीर शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर क्लब के प्रधान रामपाल शर्मा व कार्यक्रम संयोजक अशोक यादव के नेतृत्व में सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



कुरुक्षेत्र। मुख्यातिथि पूर्व डीजीपी डॉ. आरसी मिश्रा को स्मृति चिह्न देते आयोजक।

### राजकीय कन्या कॉलेज में मनाया विश्व सांख्यिकी दिवस

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल, कुरुक्षेत्र में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर के मार्गदर्शन में विश्व सांख्यिकी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ इकबाल कौर, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, गणित विभाग ने बताया कि विश्व सांख्यिकी दिवस भारत सहित दुनिया भर में हर पांच साल में 20 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज के विकास में डेटा और सांख्यिकी के महत्व को उजागर करना है। भूगोल विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ मंजू ने बताया कि विश्व सांख्यिकी दिवस का उद्देश्य यह दर्शाना है कि समाज के सभी हितधारकों द्वारा सूचित निर्णय लेने के लिए अच्छे आँकड़े और सांख्यिकी अनिवार्य हैं।

## विद्यार्थी आज करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- गीता निकेतन आवासीय विद्यालय का 52वां वार्षिक उत्सव आरोहण आज

विद्या भारती द्वारा संचालित गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में 52 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 अक्टूबर प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में आरोहण कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, मुख्यातिथि के आगमन पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स परेड करते हुए सलामी देंगे और घोष का वादन होगा। इस कार्यक्रम में छात्रावासी छात्र भाग लेंगे।कार्यक्रम में शारीरिक प्रदर्शन के अन्तर्गत योग,मलखंब एवं कराटे का प्रदर्शन रहेगा,वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विकसित भारत पर आधारित नाटक, देशभक्ति पर कविता ,दशावतार पर कोरियोग्राफी एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत पर आधारित समूह नृत्य होगा।



कुरुक्षेत्र। समारोह के लिए रिहर्सल करते विद्यार्थी।

### छात्रावास में 17 राज्यों से 600 विद्यार्थी पढ़ रहे

*छात्रावास के विषय में जानकारी देते हुए वरिष्ठ आचार्य तेजवीर सिंह ने बताया कि गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के छात्रावास में इस समय 17 राज्यों के 600 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। पूरे भारत में इस विद्यालय की आवासीय विद्यालय के रूप में एक विशिष्ट पहचान है। यहां के पूर्व छात्र पूरे विश्व में अनेक प्रतिष्ठित पदों पर कार्य करते हुए देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में यहां के पूर्व छात्र अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इन्हीं से एक पूर्व छात्र गौरव चौधरी वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।*



### कर्मचारियों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र।** फर्स्टक्राइ इनटैलीटोटस प्रीस्कूल व डे केयर सेंटर ज्योति नगर में कार्डियो पल्मोनरी रीससिटेशन (सीपीआर) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रीस्कूल के कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में सीपीआर तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण वैभव कौशिक, मेडिकल इमरजेंसी टेक्निशियन, स्वास्थ्य विभाग, कुरुक्षेत्र ने दिया। प्रशिक्षण के दौरान, विशेषज्ञ ने सीपीआर की मूल बातें, जैसे कि छाती के दबाव और कृत्रिम श्वसन, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने व्यावहारिक सत्र के माध्यम से प्रशिक्षण दिया, जिससे कर्मचारियों को सीपीआर तकनीक का अभ्यास करने का अवसर मिला। फर्स्टक्राइ इनटैलीटोटस प्रीस्कूल व डे केयर सेंटर की निदेशका स्वीटी कौशिक ने कहा कि हमें अपने कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार रखने हेतु सीपीआर प्रशिक्षण देना बहुत महत्वपूर्ण लगता है। इससे हम अपने बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा कर सकते हैं।

## सुरक्षित ढंग से मनाएं त्योहार : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही अच्छी गुणवत्ता वाले ग्रीन पटाखों को खरीदें नागरिक

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला के नागरिक दीपावली के त्योहार व उत्सव को सुरक्षित ढंग से मनाएं। जिला प्रशासन ने इसको लेकर कुछ एडवाइजरी भी जारी की है। आमजन त्योहार के लिए दीये जलाते और पटाखे फोड़ते समय कुछ सुरक्षा सावधानियां बरतें। उन्होंने कहा कि रोशनी का पर्व दीपावली को हर्षोल्लास, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मनाया जाए। ऐसा करने से त्यौहार के उत्सव में चार चांद लग जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि नागरिक लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही अच्छी गुणवत्ता वाले ग्रीन पटाखों को खरीदें। पटाखे खरीदते समय सुरक्षा प्रमाणपत्रों के लिए पैकिंग की जांच करें।

### इन बातों को रखें ख्याल

उपायुक्त ने कहा कि ढीले और सिंथेटिक कपड़े पहनने से बचे, इमारत के अंदर कोई भी पटाखा प्रवेश न कर पाए ऐसा सुनिश्चित करें। पटाखे सुरक्षित और स्थिर स्थिति में जलाएं जाए। उन्होंने कहा कि पटाखे फोड़ते समय अपने बाल बांध कर रखें। बच्चों और पालतू जानवरों को सुरक्षित दूरी पर रखें। इस्तेमाल किए गए पटाखों का जिम्मेदारी से निपटान करें। स्थानीय ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन अवश्य करें। बच्चों को वयस्कों की देखरेख में ही पटाखे फोडने दिए जाए। उन्होंने बच्चों को पटाखों की सीधी आवाज से दूर रखा जाए और आपात स्थिति में किसी योग्य चिकित्सक, निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से परामर्श लें या 112 पर कॉल करें।



विश्राम कुमार मीणा।

### जय भगवान शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात, पिहोवा के विकास को लेकर की चर्चा

**पिहोवा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने भारत सरकार के लोकप्रिय एवं दूरदर्शी नेता, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस सौहार्दपूर्ण भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच पिहोवा क्षेत्र के विकास कार्यों और नई सड़क परियोजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। पंडित जय भगवान शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत सड़क निर्माण के क्षेत्र में विश्व स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी के दूरदर्शी नेतृत्व में देशभर में सड़कों का जाल बिछाया गया है, जिससे न केवल एक राज्य से दूसरे राज्य तक का सफर सुगम हुआ है बल्कि व्यापार और औद्योगिक विकास को भी नई दिशा मिली है। सड़क संपर्क बढ़ने से यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत और राज्य-राज्य के बीच व्यापारिक मजबूती जैसी अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, जिनका सीधा लाभ आम जनता और व्यापारियों दोनों को मिल रहा है। इस अवसर पर पंडित जय भगवान शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को धर्मनगरी पिहोवा आने का स्नेहपूर्ण निमंत्रण भी दिया और आग्रह किया।



## सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जागरूक करना जरूरी : दिनेश

- जिला कोर्ट परिसर के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल ने कहा कि आमजन को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए हम सबको आमजन को जागरूक करना पड़ेगा, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति को संबंधित योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान नर सेवा से नारायण सेवा का माध्यम है, जो हम सबके प्रयास से अनमोल जिंदगियों के लिए वरदान बनता है। रक्तदान महादान है, रक्तदान कर हम कई लोगों का जीवन बचा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल वीरवार को जिला कोर्ट परिसर के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित मेगा विधिक सेवाएं शिविर एवं रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में स्कीमें होती है, लेकिन आम लोगों को उनका पता नहीं चल पाता है। इसके लिए आम जन को जागरूक करना बेहद जरुरी है। इस मौके पर अतिथियों द्वारा शिविर में लगी विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा स्कीमों के बारे में जानकारी ली गई।



कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

**त्योहार** प्रदोष काल अमावस्या तिथि में मनाया जाता है त्योहार

# धर्मशास्त्र और ज्योतिषीय सिद्धांत के अनुसार 20 को ही मनाएं दिवाली : रामराज कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

[दि]वाली के त्यौहार को लेकर बहुत असमंजस और भ्रम की स्थिति बनी हुई है की दीपावली का त्योहार 20 को होगा या 21 को गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि कुछ पंचांगकारो ने दीपावली का पर्व 21 अक्टूबर को लगाया हुआ है जो परंपरागत रूप से ठीक नहीं है क्योंकि दीपावली का त्योहार प्रदोष काल अमावस्या तिथि में मनाया जाता है। धर्म शास्त्र के अनुसार ही हमारे निर्णय पूर्णतः फलित होते हैं, इसी को आधार मानते हुए देखें तो 20 अक्टूबर 2025 को 03:45 मिनट पर अमावस्या लग रही है। हमारे यहां प्रदोष व्यापिनी अमावस्या ही दीपावली पर ग्राह्य होती है जो कि अगले दिन 05:55 बजे तक रहेगी। ऐसे में धर्मशास्त्र और ज्योतिषीय सिद्धांत के आधार पर दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर 2025 को ही मनाया जाएगा। दिवाली हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह पर्व हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है।

### दीपावली का महत्व और इतिहास

इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और घरों को दीपक, मोमबत्तियों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद माता सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे। उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने पूरे नगर को घी के दीपों से रोशन किया था। तभी से इस दिन दीप जलाने और खुशियां मनाने की परंपरा चली आ रही है। दिवाली पर मां लक्ष्मी के साथ भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा भी की जाती है। यह पर्व पांच दिनों तक मनाया जाता है। जिसकी शुरूआत धनतेरस से होती है और समापन भाई दूज पर होता है। गायत्री ज्योतिष अनुसन्धान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक के अनुसार, कार्तिक मास की अमावस्या तिथि 20 अक्टूबर को दोपहर में 3 बजकर 45 मिनट पर आरंभ हो रही है, जो 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 55 मिनट पर समाप्त होगी।



रामराज कौशिक।

### पूजन का शुभ मुहूर्त

- दिवाली पर -लक्ष्मी पूजा मुहूर्त- 20 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 56 मिनट से 8 बजकर 4 मिनट तक
- अवधि- 1 घंटा 8 मिनट
- निशिता काल का मुहूर्त- रात 11 :41 से 21 अक्टूबर को सुबह 12 :31 तक

## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार ने सुनी शिकायतें

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिविर में के वार्ड 4 के शराफत अली ने जाति प्रमाण पत्र में जाति संशोधन से संबंधित समस्या रखी। वार्ड नंबर 1 की मोनिका ने प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी समस्या के समाधान की मांग की। गांव मानकपुर की महिला गार्गी, परमजीत कौर ने भी शिकायत के समाधान की मांग की।

### दस उपभोक्ताओं को मिले चेक

**नारायणगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगमद्वारा गांव बधौली में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु एक जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में 10 उपभोक्ताओं को सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। उपभोक्ताओं ने अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगवाकर केंद्र सरकार से 60 हजार तथा प्रदेश सरकार से 50 हजार की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी ने प्राप्त की है।

### फायरिंग प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित ने बताया कि एनसीसी यूनिट के कैडेट गेविन सिंह एवं कैडेट रिया ने कर्नल समित नवानी के दिशा-निर्देशन से 10 हरियाणा बटालियन कुरुक्षेत्र के तत्वाधान में चल रही फायरिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं प्रोग्राम आयोजित किया

**शहजादपुर।** गांव जटवाड़ में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनीत सूद के मार्गदर्शन में पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं प्रोग्राम आयोजित किया गया। सर्कल सुपरवाइजर अरविन्द्र कौर द्वारा पोषण अभियान के तहत अपने रोजाना के खानपान बारे बताया गया तथा अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने बारे लोगों को प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि गुड व चना को अपने खाने में जरूर शामिल करें। बच्चों को बाहर की वस्तुएं खाने में न दें।

## मंत्री विज बोले-टांगरी नदी को गहरा करने के लिए 15 नवंबर से फिर मिट्टी निकालने का कार्य प्रारंभ होगा

# इंडस्ट्रियल एरिया के पंप हाउस को बिजली की हॉटलाइन से जोड़ने की मंजूरी

**आदेश**

विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए

- मंत्री विज छावनी में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के पंप हाउस को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पंप हाउस को हॉटलाइन से जोड़ने के लिए मंजूरी मिल गई है। जल्द ही पंप हाउस को हॉटलाइन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 15 नवंबर से टांगरी नदी में मिटटी निकालने का कार्य आरंभ किया जाएगा। विज वीरवार को अंबाला छावनी में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विज ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया की दीवार बनाने के कार्य का टेंडर हाई पॉवर परचेस कमेटी की बैठक में पारित किया जाएगा। उसके पश्चात दीवार निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा ताकि इंडस्ट्रियल एरिया का पानी से बचाव किया जा सके। इस दौरान विज ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को टांगरी नदी में मिट्टी निकालने का कार्य 15 नवंबर तक प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नदी को चंदपुरा से लेकर कोटकछुआ तक गहरा किया जाएगा। इससे बरसाती पानी की निकासी और बेहतर होगी। गौरतलब है कि नदी को गहरा करने का कार्य इसी वर्ष प्रारंभ कर दिया गया था। मगर बरसातों की वजह से इसे बीच में ही रोकना पड़ा था। उन्होंने टांगरी नदी पर तीन स्थानों पर काजवे निर्माण का कार्य भी जल्द प्रारंभ कर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रामगढ़ माजरा गांव से टांगरी नदी में पानी लिफ्ट करने हेतु पंप लगाने के भी निर्देश दिए गए।

### गोशाला स्थापित करने के निर्देश

विज ने छावनी के शहरी क्षेत्र से डेयरियों को बाहर करने के लिए ब्राह्मण माजरा में डेयरी कांप्लेक्स का कार्य जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मल्टीलेवल पार्किंग में लिफ्ट लगाने के कार्य को जल्द पूरा करने, दीवाली से पहले खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने, स्टेडियम के समक्ष फुटबाल चौक का निर्माण कार्य प्रारंभ करने, बस क्यू शेल्टरों का निर्माण करने के साथ-साथ पंखे लगाने की मजबूत व्यवस्था करने, उगाड़ा-बाड़ा में खाली भूमि पर गौशाला स्थापित के भी निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

विज ने विद्युत निगम के अधिकारियों को सड़कों से ट्रांसफार्मर हटाने, सदर बाजार में अंडरग्राउंड बिजली की खराब तारों को आधुनिक मशीन के माध्यम से बदलने, टांगरी बांध रोड से 11 केवी लाइन के पोल शिफट करने एवं अन्य दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के एसई मुनीष भारद्वाज, एक्सईएन कृष्ण भुक्कल, बिजली निगम के एसई वीके गोयल, एक्सईएन विकास, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रितेश अग्रवाल, नगर परिषद के ईओ देवेंद्र नरवाल, एक्सईएन सुरेंद्र व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


### शहीद स्मारक का कार्य जल्द हो पूरा करने के आदेश दिद

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक में निर्माण कार्य को एक नवंबर तक पूरा करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए तथा शेष कार्य जल्द पूरा करने को भी कहा। उन्होंने शहीदी स्मारक के कार्य से संबंधित जानकारी अधिकारियों से ली। साइंस म्यूजिक के संबंध में अधिकारियों ने विज को बताया कि इसका टेंडर शुक्रवार 17 अक्तूबर को अलॉट होगा जिसके बाद इसके निर्माण का कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने मच्छौंडा आरओबी निर्माण कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ टांगरी नदी बांध रोड का निर्माण कार्य भी जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नगर परिषद को महेशनगर में बब्याल रोड के शेष हिस्से पर सीवरेज जल्द से जल्द डालने के निर्देश दिए ताकि शेष रोड का निर्माण पूरा किया जा सके।

# बराड़ाः लाल डोरा में रहने वाले भवन मालिकों को मिले संपत्ति प्रमाण पत्र

- बैंक से ऋण लेने जैसे कार्यों में सुविधा मिलेगी अब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। लाभपात्रों को संपति प्रमाण पत्र वितरित करते हुए चेयरमैन ।

प्रदेश सरकार की बहुप्रतीक्षित 'लाल डोरा क्षेत्र संपत्ति प्रमाण पत्र योजना' के तहत नगर पालिका क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने वार्ड नं. 1, मौजगढ़ स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 'लाल डोरा' क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मकान मालिकों को संपत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए। इस वितरण कार्यक्रम के माध्यम से 'लाल डोरा' क्षेत्र में रहने वाले निवासियों को अब अपने घरों पर कानूनी स्वामित्व प्राप्त हो गया है। इससे उन्हें अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री, खरीद-फरोख्त तथा बैंक से ऋण लेने जैसे कार्यों में सुविधा मिलेगी। मलिक ने इस अवसर पर कहा, "यह योजना नागरिकों को उनकी संपत्ति का पूर्ण अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इससे लोगों के जीवन में सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता आएगी।" इस कार्यक्रम में वार्ड नंबर 1 के सदस्य पवन कुमार, नगर पालिका सचिव राजेश कुमार सहित पालिका के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरकार का एक साल पूरा होने पर समारोह आज

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन विश्वास-जन विकास समारोह का आयोजन 17 अक्तूबर को अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में किया जाएगा। इस जिला स्तरीय समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री अनिल विज शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने जन विश्वास-जन विकास समारोह के सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई। उन्होंने अधिकारियों की ड्यूटी व जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए कहा कि जन विश्वास जन विकास समारोह जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बेहतरीन ढंग से करवाना है। समारोह के आयोजन को लेकर जिन्हें जो जिम्मेदारी एवं ड्यूटी सौंपी गई है उन्हें वह समयबद्ध पुरा करवाना सुनिश्चित करें।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय नबीपुर के लड़के-लड़कियों ने दिखाया दम

- खेल प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय नबीपुर में आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। प्रतियोगिता के विजेता छात्र। फोटो : हरिभूमि

खंड के अंडर-11 खेल प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय नबीपुर में आयोजित की गई। इस खेल कूद प्रतियोगिता में राजकीय विद्यालयों के साथ साथ निजी विद्यालयों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। नोडल अधिकारी व इस विद्यालय के मुख्य अध्यापक राजकुमार ने प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संचालित किया व विद्यालय के स्टाफ ने भी इस प्रतियोगिता में अपना पूर्ण योगदान दिया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी व खो खो में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नबीपुर लड़कियां प्रथम, कबड्डी लड़के प्रथम रहे। योग प्रतियोगिता में कुल्हड़ पुर प्रथम, दौड़ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय अंधेरी प्रथम, सांस्कृतिक कार्यक्रम में मोनो एक्टिंग तथा सोलो डांस कुल्हड़ पुर प्रथम, आए। इस खेल कूद प्रतियोगिता में प्राथमिक शिक्षक अमित धीमान, कमलदीप भट्टी, प्रवेश कुमार, मनोज कुमार, श्रुति कांत, विनोद कुमार, शिव चरण,साहिल कुमार, मुकेश सलूजा, सुभाष चंद्र, दर्शन लाल, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, मीनू रानी, मीनाक्षी देवी, नीरज बहमनी, सुमन वालिया, अंजू देवी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाले सभी विद्यार्थियों को जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

## छात्रों को पोक्सो और मानवाधिकारों की विस्तार से दी जानकारी



**अंबाला।** अंबाला छावनी के राजकीय पीजी कॉलेज में लीगल लिटरेसी सेल के द्वारा दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने की। सेमिनार का विषय /"उच्च शिक्षा में मानवाधिकारों की सुरक्षा और प्रोत्साहन/" था। यहां मुख्य वक्ता के तौर पर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार व एडवोकेट सरू जस्सी पधारी। सेमिनार के दौरान पॉक्सो एक्ट और मानवाधिकारों के बारे में चर्चा की गई। इसमें कॉलेज के लगभग 100 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सेमिनार की संयोजक डॉ. श्रुति सिंह सह संयोजक अजय गौरी और कोऑर्डिनेटर डॉ. पूनम धीमान रहीं। डॉ. अंजू जगपाल ने मुख्य वक्ता को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सेमिनार के सफल आयोजन में डॉ रणदीप सिंह, डॉ. अंजना, प्रो. रिचा लोमस, प्रो. दीपक, प्रो. गुलाब सिंह व डॉ. संदीप सैनी का विशेष योगदान रहा।

## ईमानदारी व निष्ठा के साथ कर्तव्यों की पालना करें छात्र



**बराड़ा।** विजिलेंस अवेयरनेस वीक 2025 के तहत लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजूकेशन, अधोया में प्रथम चरण के रूप में विजिलेंस प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थी तथा अध्यापकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सभी अध्यापकों, विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को ईमानदारी, निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। फोटो :हरिभूमि

## कैंडल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

# गोवंशों का प्रबंध न करने पर किसानों ने किया रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

- मौत का शिकार पंजाबी गायक राजवीर को भी दी श्रद्धांजलि

भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के पदाधिकारियों ने पॉलिटेक्निक चौक से लेकर जगाधरी गेट पर कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शहर में बेसहारा गोवंश के प्रबंध न करने पर किया गया। किसानों ने कैंडल मार्च के माध्यम से पंजाबी गायक राजवीर जवंदा को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी के नेतृत्व में निकाला गया। उन्होंने कहा कि पंजाबी गायक राजवीर जवंदा की बेसहारा गोवंश की वजह से जान चली गई। यूनियन के नेतृत्व में किसानों की ओर से अंबाला में कई बार प्रदर्शन कर प्रशासन को बेसहारा गोवंश के समाधान के लिए चेताया गया, लेकिन अभी तक गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। जिस वजह से लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है और लोग चोटिल हो रहे हैं।

## 300 छात्रों के दांतों की जांच रोज ब्रश करने की दी सलाह



**बराड़ा।** आनंदमय जीवन के लिए एक खुशहाल मुस्कान के संदेश को सार्थक करते हुए रोटरी क्लब के सौजन्य से से सुखपाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उगाला में निशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रमुख दंत चिकित्सक डॉ. कनिका कौशिक ने विद्यालय के लगभग 300 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की। उन्हें दंत स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। डॉ. कनिका ने बच्चों को रोजाना दो बार ब्रश करने, मीठे पदार्थों के सेवन के बाद कुल्ला करने तथा नियमित रूप से दंत चिकित्सक से जांच कराने की सलाह दी।

### हादसे में युवक की मौत, शव परिजनों को सौंपा

**अंबाला।** ट्रेन की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा अंबाला-सहारनपुर रेल खंड पर छावनी के पुराने आईओसी डिपो के पास हुआ। मौके पर पहुंच जीआरपी ने शव कब्जे में लिया और शिनाख्त के प्रयास शुरु किए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मृतक युवक की शिनाख्त अभिषेक के तौर पर हुई। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पूछताछ में परिजनों ने बताया कि अभिषेक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वो यहां-वहां घूमता रहता था।

**कार्यक्रम** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से दिवाली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों को शक्ति, दुवाओं और खुशी के साथ सम्मान का दीया जलाने का दिया संदेश

बच्चों ने गीत संगीत द्वारा सबका मनोरंजन किया।

- सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने भी सभी को दीवाली की शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। दीवाली के कार्यक्रम में मौजूद भाई व बहनें।



अंबाला शहर के कंचघर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में वीरवार को दीवाली का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज के पंजाब जॉन की डायरेक्टर राजयोगिनी प्रेम दीदी पधारी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर शैलजा संदीप सचदेवा रही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अर्चना मनचंदा पहुंची। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बच्चों ने गीत संगीत द्वारा सबका मनोरंजन किया। कार्यक्रम की खास विशेषता या खास खूबी थी कि सभी आए हुए भाई बहनों को देवताई पोशाक पहनाई गई। प्रेम दीदी ने दीवाली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा यह दीयों का त्यौहार है। दीया माना देना तो हम सभी यह नहीं सोचेंगे कि हमें कोई दे हमें सबको देना है। उन्होंने यह भी बताया कि चार बातें यहां से लेकर जाएंगे कि हमें मनसा सेवा वाचा कर्मणा से संबंध संपर्क से बस देना है। मुख्यअतिथि मेयर शैलजा सचदेवा ने भी अपने वक्तव्य में बताया कि उन्हें ब्रह्मकुमारी के प्रोग्राम में आकर बहुत अच्छा लगता है। यहां असीम शांति का अनुभव होता है। अर्चना मनचंदा ने भी सभी को दीवाली की शुभकामनाएं दी । सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने भी सभी को दीवाली की शुभकामनाएं दी।

### गौरव ने दी प्रस्तुति

हमें सुबह उठकर 7 दिए जलाने हैं। शांति का, प्रेम का ,शुक्रिया का ,शक्ति का ,दुआओं का, खुशी का ,सम्मान का , इसके साथ ही उन्होंने बहुत सुंदर मेडिटेशन की अनुभूति कराई । गायक गौरव भाई ने गीत संगीत की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी । ।यहां आए हुए सभी बहन भाइयों को माथे पर बिंदी लगाकर और गले में हार डालकर सजाया गया।